# भगवान श्री परशुराम जी के प्राकट्योत्सव के पावन पर्व पर समस्त संस्कारधानीवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**रामायण काल से लेकर महाभारत काल तक भगवान परशुराम के शौर्य की गाथा अप्रतिम है। परशुराम प्रकटोत्सव यह हिंदू समाज के साथ विश्व के सभी धर्मों के लिए एक सीख है। किस प्रकार समाज के लिए स्वयं का समर्पण किया जाता है यह परशुराम के जीवन में हर जगह दिखता है। मानव समाज की सेवा के साथ बुराइयों के प्रति सजगता से खड़े रहने के गुण हर धर्म भगवान परशुराम से सीख सकता है।**

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पूरे भारत में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष के तीसरे दिन (तृतीया) को धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन को अक्षय तृतीया भी कहा जाता है। भगवान परशुराम ऋषि जमदग्नि और देवी रेणुका के पुत्र थे। श्री परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार थे। वे एक महान शिव उपासक, परम ज्ञानी और महान योद्धा थे। भगवान शिव ने उन्हें अपना दिव्य अस्त्र परशु दिया था, इसी कारण उनका नाम परशुराम पड़ा था।

भगवान परशुराम सप्तचिरंजीवी में से एक हैं।










































हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## मुख्य रेलवे स्टेशन का लोड कम करने की तैयारी

# मदन महल बनेगा नया ऑपरेशन हब

हरिभूमि जबलपुर।

शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर लगातार बढ़ती भीड़ और प्लेटफॉर्म की व्यस्तता को देखते हुए पमरे के जबलपुर मंडल में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करने जा रहा है। रेलवे के वाणिज्य विभाग द्वारा मदन महल रेलवे स्टेशन को वैकल्पिक ऑपरेशन हब के रूप में विकसित करने की तैयारी की जा रही है, ताकि जबलपुर मुख्य स्टेशन पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सके। जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रेनें प्रारंभ होती हैं और गुजरती हैं। प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों की आवाजाही, यात्रियों की भीड़ और रेलवे स्टाफ की गतिविधियों के कारण यहां अक्सर अत्यधिक व्यस्तता की स्थिति बन जाती है। कई बार ट्रेनों को आउटर पर रोकना पड़ता है। इसी दबाव को संतुलित करने के लिए रेलवे अब स्टाफ मूवमेंट में बदलाव करने की योजना बना रहा है।




### टीटीई स्टाफ अब मदन महल से होगा सवार

सूत्रों के अनुसार, कुछ ट्रेनें भले ही जबलपुर मुख्य स्टेशन से प्रारंभ होंगी, लेकिन उनमें ड्यूटी करने वाला टीटीई (ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर) स्टाफ मदन महल स्टेशन से सवार होगा। इसी तरह वापसी में भी टीटीई स्टाफ मदन महल पर ही उतरेगा और वहीं से नया स्टाफ ड्यूटी संभालेगा। यह व्यवस्था काशी एक्सप्रेस, पटना/एलटीटी (जनता एक्सप्रेस), अमरावती एक्सप्रेस, ओवरनाइट इंदौर एक्सप्रेस सहित उन ट्रेनों में लागू की जाएगी जिनका मदन महल स्टेशन पर स्टॉपेज है। इससे मुख्य स्टेशन पर स्टाफ की आवाजाही कम होगी और प्लेटफॉर्म पर अतिरिक्त दबाव घटेगा।

### स्टेशन का हो रहा विकास

रेलवे सूत्रों का कहना है कि मदन महल स्टेशन को तेजी से विकसित किया जा रहा है। यहां बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है ताकि इसे सहायक प्रशासनिक केंद्र के रूप में तैयार किया जा सके। पहले से ही भोपाल–मदन महल जनशताब्दी एक्सप्रेस में टीटीई स्टाफ मदन महल से ही सवार होता है और वहीं उतरता है। अब इसी मॉडल को अन्य ट्रेनों में भी लागू करने की योजना है।

### ऑपरेशनल बैलेंस की रणनीति

रेलवे के वाणिज्य विभाग का मानना है कि स्टाफ मूवमेंट को अलग स्टेशन से संचालित करने से ऑपरेशनल बैलेंस बेहतर होगा। इससे मुख्य स्टेशन पर भीड़ कम होगी, प्लेटफॉर्म की उपलब्धता बढ़ेगी, ट्रेन संचालन में सुगमता आएगीए प्रशासनिक गतिविधियां व्यवस्थित होंगी।

### यात्रियों पर क्या असर

रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस बदलाव से यात्रियों की यात्रा पर सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि ट्रेनें अपने निर्धारित समय और स्थान से ही चलेंगी। लेकिन मुख्य स्टेशन पर भीड़ कम होने से यात्रियों को राहत मिल सकती है। वहीं, मदन महल क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ने से वहां का महत्व भी बढ़ेगा।

## जबलपुर बिना कलेक्टर की अनुमति के कैसे कर दिया नक्शा खसरा बटांक

अपर कलेक्टर के आदेश के बावजूद एक साल बाद भी नहीं सुधरा राजस्व रिकार्ड

**जबलपुर**। जिस सड़क पर पक्का मार्ग था वहां नक्शा बटांक कर दिया गया. ग्राम बहोरीपार अंतर्गत रास्ते के मद की भूमि का आबादी भूमि में परिवर्तन कर दिया गया. जबकी बिना कलेक्टर के आदेश से यह काम किया गया. अवैध तरीके से रिकार्ड दुरुस्त करने का मामला उजागर होने के बाद अपर कलेक्टर ग्रामीण जबलपुर द्वारा रिकार्ड को पूर्ववत दुरुस्त करने के आदेश दिये जाने के एक साल से अधिक समय के बाद अब तक रिकार्ड दुरुस्त नहीं किया गया. 20 से 30 फुट चौड़े रास्ते का नक्शा बटांक कर दिया गया, जिससे 13 लोगों ने अतिक्रमण कर लिये. शिकायतकर्ता विजय कुमार ठाकुर ने संभागायुक्त एवं कलेक्टर को शिकायत देकर इस संबंध में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग कर एडीएम के आदेश का पालन कराए जाने के साथ ही सड़क मार्ग में खसरा नक्शा सुधार दुरूस्त कर भौतिक सत्यापन की भी मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार जबलपुर से नागपुर राष्ट्रीय मार्ग बहोरीपार टोल प्लाजा के पास पूर्व दिशा बहोरीपार हल्का नं. 34 रा.नि.मं. बरगी तहसील जबलपुर से खिरहेनीघाट नर्मदा मार्ग का रास्ता राजस्व रिकार्ड में खसरा नं. 57 रकवा 1.940 हेक्टेयर है।

पूर्व में कोर्ट के आदेशानुसार सड़क मार्ग पर बेजा कब्जाधारी को लाभ हित हेतु एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा अर्थदंड के रूप में 65 हजार रुपये से अधिक राशि खजाने में जमा नहीं की गई। यही नहीं कथित तौर पर तत्कालीन तहसीलदार द्वारा अवैध तरीके से सड़क मार्ग का नक्शा आबादी में कर दिया गया। यही नहीं मात्र 2 घंटे में रिकार्ड दुरुस्त कर दिया गया। इस मामले में पीड़ित द्वारा कलेक्टर सहित अनेक अधिकारी को लिखित शिकायत देने पर 4 वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूर्व खसरा बाद में नक्शा आबादी में कर दिया गया। यही नहीं मात्र 2 घटें में रिकार्ड दुरुस्त कर दिया गया। जांच में यह भी पाया गया कि अवैध तरीके से गलत मद दर्ज की गई। इस संबंध में एडीएम ग्रामीण जबलपुर द्वारा जारी आदेशानुसार खसरा नक्शा, बटांक का रिकार्ड एक साल बीत जाने के बाद भी आज तक दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित द्वारा इस मामले में कलेक्टर जन सुनवाई सहित अन्य अधीनस्थ अधिकारियों को दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। नक्शा, खसरा बटांक दुरूस्त ने होने से शिकायत कर्ता सहित अन्य पीडित व्यक्तियों को आवागमन रूकावट में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं सार्वजनिक सड़क पर कब्जेधारी पर कोर्ट के आदेश के बावजूद जुर्माना राशि वसूल न होने के साथ कब्जा अलग करने की कोई कार्रवाई न होने से आरोपी के हौसले बुलंद हैं और वह सड़क मार्ग के भाग पर न सिर्फ स्वयं अवैध कब्जा किया हुआ हैं बल्कि धड़ल्ले से अन्य अतिक्रमणकारियों को भी अवैध कब्जे करा रहा है।

## पारा 42 डिग्री के पार

# रविवार सीजन का सबसे गर्म दिन रहा

**जबलपुर**। गर्मी अपने पूरे शवाब पर आ गई है। शनिवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। भीषण गर्मी के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। लोगों के स्वास्थ्य से लेकर व्यापार और कारोबार सब कुछ प्रभावित हो रहा है। दिन में तेज धूप के कारण सड़कों पर निकलना दूभर होता है। रविवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया. अप्रैल के महीने में पारा उछल रहा है. आने वाले दिनों में पारे में और उछाल की संभावना है. स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि मौसम पूरी तरह से साफ है। शुष्क मौसम की वजह से तापमान लगातार बढ़ रहा है। अभी मौसम के मिजाज यूं ही बने रहेंगे। तापमान अभी और ऊपर जा सकता है। बहरहाल पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सामान्य से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 28 प्रतिशत और



सायंकाल 22 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.45 बजे और सूर्यास्त शाम 6.33 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 44 डिग्री तापमान रतलाम जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 41.07 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## ट्रांसमिशन टावरों, सबस्टेशन के आसपास उत्खनन पर प्रशासन ने लगाया प्रतिबंध

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस संभाग की पहल पर सतना जिला प्रशासन ने ट्रांसमिशन टावरों एवं 220 केवी एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन सतना (सितपुरा) के आसपास हो रहे वैध एवं अवैध उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे टावरों की संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ उनके ध्वस्त होने की आशंका भी कम हुई है। उल्लेखनीय है कि 220 केवी एवं 132 केवी टावरों के आसपास बड़े पैमाने पर मुरम व मिट्टी के उत्खनन से उनकी स्थिरता पर खतरा उत्पन्न हो रहा था। ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस संभाग सतना के कार्यपालन अभियंता श्री अमित कुमार ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया, जिसके बाद एमपी ट्रांसको ने तकनीकी आकलन कर प्रशासन को संभावित जोखिमों से अवगत कराया।

## अंधमूक बायपास पर दर्दनाक हादसा, 20 वर्षीय युवक की मौके पर मौत

**जबलपुर**। धनवंतरी नगर चौकी अंतर्गत अंधमूक बायपास मार्ग पर शनिवार देर रात 9 बैढन पुल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारने के बाद कुचल दिया और चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 20 वर्षीय प्रियांशु दुबे पिता हेमंत दुबे, निवासी सागर कॉलोनी, धनवंतरी नगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार प्रियांशु अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एनए 2652 से जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक को गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में मोटरसाइकिल का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन एवं पुलिस मौके पर पहुंच गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। धनवंतरी नगर चौकी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मामला दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

## 273 ई-रिक्शा-ऑटो चालकों पर कार्रवाई, 2 लाख से ज्यादा जुर्माना वसूला

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पुलिस ने अप्रैल माह में विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की है। इस दौरान ई-रिक्शा और ऑटो चालकों सहित सैकड़ों वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 2 लाख रुपये से अधिक समन शुल्क वसूला गया।



### ई-रिक्शा और ऑटो चालकों पर फोकस

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर एएसपी यातायात अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 273 ई-रिक्शा, ऑटो और आपे चालकों पर कार्रवाई करते हुए 1 लाख 36 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### नो-पार्किंग वालों पर भी कार्रवाई

यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहन चालकों को भी नहीं बख्शा गया। नो-पार्किंग में वाहन खड़े करने वाले 134 वाहन चालकों के खिलाफ व्हील लॉकिंग की कार्रवाई की गई, जिससे 67 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया।

### शराब पीकर ड्राइविंग करने वालों पर केस

तीनों यातायात थानों मालवीय चौक, गढ़ा और घमापुर में विशेष टीम बनाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया गया। इस दौरान 10 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय भेजे गए।

### चेतावनी नियम तोड़ेंगे तो होगी कार्रवाई

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नो-पार्किंग में खड़े वाहन न सिर्फ जाम का कारण बनते हैं, बल्कि सड़क हादसों को भी न्योता देते हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा है कि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## स्वास्थ्य सुविधा — अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ लेकर अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रखें

# एमपीपीजीसीएल के कर्मचारियों को गैलेक्सी हॉस्पिटल में मिलेगा कैशलैस उपचार

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, विजय नगर, जबलपुर को म.प्र. पावर जनेरेटिंग कम्पनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने कैशलैस उपचार के लिए अधिकृत पैनल हॉस्पिटल के रूप में मान्यता प्रदान की।

**जबलपुर**। गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, उखरी तिराहा, विजय नगर में म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के कर्मचारियों व आश्रितों के लिए कैशलैस उपचार सुविधा मिलेगी।



उल्लेखनीय है अनुभवी चिकित्सकों की टीम आधुनिक तकनीक के साथ हॉस्पिटल में बेहतर इलाज प्रदान कर रही है। अस्पताल में जटिल से जटिल रोगों का उपचार कर मरीजों को नई जिंदगी प्रदान की जा रही है। अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं में कार्डियक केयर, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर इम्प्लांटेशन जैसी उन्नत हृदय रोग सेवाएं खास हैं। इसके साथ ही बायपास सर्जरी, जनरल सर्जरी, जॉइंट रिप्लेसमेंट, स्पाइन सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, न्यूरो मेडिसिन, मूत्र मार्ग सर्जरी, जटिल दंत रोग उपचार व गंभीर रोगों की आधुनिक चिकित्सा सुविधा अस्पताल में मौजूद है।

### ऐसे ले सकेंगे लाभ

पॉवर जनेरेटिंग कंपनी लिमिटेड के पात्र अधिकारी-कर्मचारी अपना परिचय-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर कैशलैस उपचार का लाभ ले सकते हैं। इतना ही नहीं सीजीएचएस, सीएसएमए और इसीएचएस राज्य कर्मचारी, अन्य मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के लाभार्थी भी नियमानुसार कैशलैस या रिइम्बर्समेंट सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। गैलेक्सी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ विवेक गुप्ता ने अपील की है कि म.प्र. पावर जनेरेटिंग कंपनी लिमिटेड के समस्त अधिकारी-कर्मचारी,के आलावा समस्त राज्य कर्मचारी एवं उनके परिवारजन समय पर जांच , परामर्श एवं उपचार के लिए गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ लेकर अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रखें।

## 250 वारंट तामील, सालों से फरार आरोपी दबोचे

# जबलपुर में पुलिस का मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन...

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में अपराध पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने शनिवार रात एक बड़ा कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया, जिसमें वर्षों से फरार आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए कुल 250 वारंट तामील किए गए। यह कार्रवाई पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर की गई, जिसने अपराधियों के बीच खौफ और आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत किया।



### रात 9 से 2 बजे तक चला अभियान

18 अप्रैल की रात 9 बजे से 19 अप्रैल तड़के 2 बजे तक चले इस ऑपरेशन में एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, पल्लवी शुक्ला और सूर्यकांत शर्मा सहित सभी सीएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारियों ने मोर्चा संभाला। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग टीमें बनाकर एक साथ दबिश दी गई।

### सालों से फरार आरोपी गिरफ्त में

पुलिस टीमों ने सघन तलाशी अभियान के दौरान 136 गैर-म्यादी वारंट, 76 गिरफ्तारी वारंट और 38 जमानती वारंट तामील किए। इनमें कई ऐसे आरोपी शामिल हैं जो लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### चेकिंग से संदिग्धों पर नजर

कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने सक्रिय बदमाशों की निगरानी के साथ ही देर रात घूमने वालों से पूछताछ की। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखानों में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की गई, जिससे आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने का प्रयास किया गया।

### अभियान जारी रहेगा




यह कार्रवाई कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में लगातार चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। लंबे समय से फरार अपराधियों को पकड़ना जरूरी था। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि जिले में अपराध और अपराधियों पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान

## 20 हजार रकम के साथ सटोरिया गिरफ्तार

**जबलपुर**। शहर में अवैध सट्टे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ओमती पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक सटोरिये को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी, वन प्लस कंपनी का मोबाइल और 20 हजार 350 रुपये की लगवाड़ी रकम जब्त की गई है। टीआई राजपाल बघेल ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि मॉडल रोड स्थित सेंट नर्बदा स्कूल के पीछे बस स्टॉप के पास एक युवक सट्टा लिख रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम शिवा केशरवानी (22) निवासी गोहलपुर बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से सट्टा पट्टी, वन प्लस मोबाइल फोन और 20,350 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा 4(क) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में एसआई श्रीराम सनोडिया, आरक्षक सुनील पटेल, संतोष टेकाम और सुजीत की विशेष भूमिका रही।



संयुक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा का आयोजन

# परशुराम प्रगटोत्सव पर निकली वाहन रैली में दिखी ब्राह्मणों की एकता





सिहोरा।

भगवान विष्णु के छठे अवतार ब्राह्मण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव पर रविवार को सयुंक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा के संयोजन में निकली विशाल वाहन रैली में ब्राह्मणों की एकता दिखाई दी। सुबह 9 बजे परशुराम जी की झांकी के साथ नृसिंह मंदिर से पूजन अर्चन के बाद प्रारंभ हूई रैली खितौला सिहोरा के विभिन्न मार्गो से होते हुए शिवमंदिर बाबाताल में सपन्न हुई। इसके बाद भगवान परशुराम एंव बाबाताल में विराजमान भगवान भोलेनाथ की सभी विप्रजनों ने महाआरती की तथा आयोजन में पधारे कथा वाचक आकर्षण जी महाराज ने अपने बचनों से ब्राह्मण समाज को कृतार्थ किया। विधायक संतोष बरकडे ने बाबाताल में भगवान परशुराम जी का पूजन किया।

## रैली में नगर वासियों ने की पुष्प वर्षा

प्रकटोत्सव पर विप्रजनों की निकली वाहन रैली में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था अनेक दुपहिया चार पहिया वाहन में सवार परशुराम की सेना हाथ में प्रतिकात्मक फरसा लेकर जय जय परशुराम,जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रही थी।वाहन रैली का ओवर ब्रिज के पास कांग्रेस कमेटी,स्टेडियम के पास,मैना कुआं,झंडा बाजार में गहोई समाज,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों के अलावा अनेक स्थानों मे पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## इन स्थानों से होकर निकली रैली

वाहन रैली बरा मोहल्ला,रेलवे ओवर ब्रिज से होकर वन विभाग रोड,खितौला बाजार,खितौला तिराहा, बाबाताल, हरदौल मंदिर,मैना कुंआ,काल भैरव चौक,झंडा बाजार,आजाद चौक,गौरी तिराहा,पुराना बस स्टेंड से होकर निकली। बाबाताल में उपस्थित विप्रजनों ने बेल के शर्बत के साथ विशाल भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। यहीं पर प्रतिक्षा ठाकुर, सतीश यादव आदि ने लाठी और तलवार का हैरत अंगेज प्रदर्शन किया

## संयुक्त ब्राह्मण समाज ने व्यक्त किया आभार

परशुराम जयंती पर आयोजित विशाल वाहन में सहयोग के लिए संयुक्त ब्राह्मण समाज ने रैली में शामिल समस्त विप्रजनों के अलावा पुलिस प्रशासन,नगर पालिका एंव मीडिया का आभार व्यक्त किया है।



# विश्व प्रसिद्ध भेड़ाघाट धुआंधार में गंदगी का अंबार

**जबलपुर।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन एवं आस्था का केंद्र भेड़ाघाट धुआंधार क्षेत्र इन दिनों गंदगी की समस्या से जूझ रहा है। क्षेत्र में जगह-जगह फैली पन्नियां, गुटखा के पाउच, डायपर, तेल-शैम्पू के पाउच, पानी की बोतलें, शराब की बोतलें, खराब कपड़े, बाल तथा अन्य कचरे के कारण यहां की प्राकृतिक सुंदरता प्रभावित हो रही है। इसी स्थिति को देखते हुए सनातन सर्वोपरि संघ के माध्यम से क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें थैलेसीमिया जनजागरण समिति मप्र व हम हैं न फाउण्डेशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान सभी ने संगमरमरी वादियों में फैली गंदगी से कचरा एकत्रित कर उन्हें व्यवस्थित स्थान पर पहुंचाया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद भेड़ाघाट का भी सहयोग रहा। इस मौके पर सभी ने यहां आने वाले नागरिकों और पर्यटकों से अपील की कि वे धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मां नर्मदा के तट एवं धुआंधार जैसे पवित्र स्थल पर गंदगी फैलाना न केवल पर्यावरण, बल्कि आस्था के विरुद्ध भी है। उन्होंने कहा कि यदि सभी नागरिक जागरूकता दिखाएं और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें, तो भेड़ाघाट धुआंधार की प्राकृतिक सुंदरता और पवित्रता लंबे समय तक सुरक्षित रखी जा सकती है। स्वच्छता अभियान के माध्यम से संघ ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि सामाजिक सहभागिता से ही तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

**चलाया स्वच्छता अभियान, नागरिकों को दिया जागरूकता का संदेश, बड़ी मात्रा में निकला कचरा**

# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** शासन प्रशाशन की लापरवाही के चलते अन्नदाता किसान खून के आंसु रो रहा है।खेती को लाभ का धन्धा बनाने के शासन के खोखले दावे उनकी कथनी और करनी से हवा होते जा रहे हैं उक्त आशय के आरोप भारतीय किसान युनियन के जिलाध्यक्ष एड. रमेश पटैल ने गत दिवस तहसील कार्यालय में किसानो द्वारा आयोजित प्रदर्शन के दौरान व्यक्त किये। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर एसडीएम ज्योति परस्ते के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान तहसीलदार रूपेश्वरी कुंजाम सहित बिजली कम्पनी,नर्मदा विकास,कृषि और फूड विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## खरीदी केन्द्रों में पसरा सन्नाटा

किसानों ने बताया कि वर्तमान सत्र में अब तक गेहूं खरीदी शुरू नहीं होने से उन्हें अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।अनेक किसानों के परिवार में शादी समारोह होना है लेकिन खरीदी प्रारंभ न होने के कारण किसान अपने बच्चों के हाथ पीले नहीं कर पा रहे।

## अनेक समस्या से जूझ रहे किसान

इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की अनियमितता और खराब ट्रांसफार्मरों को समय पर नहीं बदले जाने से खेती कार्य प्रभावित होने, किसानों ने वर्ष 2026 में मूंग की खरीदी बंद करने की सूचना पर भी नाराजगी जताई तथा पहले की तरह खरीदी जारी रखने की मांग की। नहरों के रखरखाव में लापरवाही के कारण सिंचाई प्रभावित होने और धान की फसल पर असर पड़ने की समस्या भी बताई। किसानों ने समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। प्रदर्शन में विनय पटेल,अनिल पटेल,शैलेंद्र पटेल, ओम प्रकाश पटेल,अखिलेश शारदानंद,वीरेंद्र पटेल,जितेंद्र पटेल,सुरेश पटेल,मुरली पटेल,गणेश पटेल,विजय पटेल,राजेश पटेल,लक्ष्मी नारायण पटेल,रंजीत पटेल,सतीश पटेल,सुरेंद्र पटेल,दिलीप पटेल,दिनेश पटेल,रवि तिवारी सहित सिहोरा और मझौली के अनेक किसान उपस्थित थे।

## साहित्य सेवा की शपथ के साथ मनाया व्यंजन उत्सव

# बेल शरबत-आम का पना, हलवा रहा खास

**जबलपुर।** हम सभी मिलकर साहित्य, समाज और संस्कृति की सेवा करेंगे, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन,गाय को रोटी, पानी बचाओ,पक्षियों को दाना, पानी के सकोरे रखने के साथ साथ सभी के सहयोग करने की शपथ ली गई, अवसर था *प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच की सहयोगी संस्था शब्दरथ, साहित्य संसार, काव्य कलश, सजल इकाई जबलपुर, कचनार महिला परिषद् एवं लोकधारा संस्था के नवीन कार्यकारणी के गठन का, जिसमें मार्गदर्शक इंजीनियर विनोद 'नयन'जी ने समस्त संस्थाओं के पदाधिकारियों को साहित्य, समाज एवं संस्कृति की सेवा के साथ पद की निष्ठा की शपथ दिलाई, साथ ही संस्थाओं के उद्देश्य एवं कार्यों पर प्रकाश डाला,2026-27 के नवीन सत्र की कार्यकारणी का गठन किया गया। इस अवसर पर सभी साहित्यकारों ने व्यंजन उत्सव मनाया,



एवं विभिन्न प्रकार के मिष्ठानों एवं लजीज व्यंजनों का आनंद उठाते हुए संस्था की गतिविधियों पर विचार विमर्श किए। इस अवसर पर शब्दरथ से डॉ.विनीता पाण्डेय,साहित्य संसार से डॉ रानू रूही, काव्य कलश से डॉ मकबूल अली कादरी,सजल इकाई से कृष्णा राजपूत, लोकधारा से गुप्तेश्वर द्वारका गुप्त,बसंत शर्मा, हास्य सम्राट के के नायकर, डॉ मुकुल तिवारी,अर्चना मलैया, डॉ अंबर प्रियदर्शी, निर्मला तिवारी,अभय तिवारी, मृगेंद्र नारायण सिंह,डॉ विनोद बाजपेई, इंदु सिंह कंचन,मनोज शुक्ल, डॉ छाया सिंह, डॉ लक्ष्मी दीक्षित, चंद्र प्रकाश वैश्य, कविता राय, प्रकाश सिंह ठाकुर, एवं कुंजीलाल चक्रवर्ती उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन इंजी. विनोद 'नयन' ने एवं संयोजन एवं डॉ.विनीता पाण्डेय आभार प्रदर्शन डॉ रानू रूही ने किया।



## संयुक्त बौद्ध विहार समिति ने हर्षोल्लास से मनाई डॉ. आम्बेडकर जयंती

**जबलपुर।** संयुक्त बौद्ध विहार समिति डॉ. आम्बेडकर कालोनी आधारताल द्वारा भारत के संविधान निर्माता, डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती 18 अप्रेल 2026 को शाम 07 बजे से धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. देवीलता रावत ने विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ. भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर मोमबत्ती एवं अगरबत्ती प्रज्जवलित की। विशिष्ट अतिथि महेश राजपूत पार्षद सुभाषचंद्र बोस वार्ड, रमाताई झाड़ापे, जेपी नन्हेट, यादव राव मेश्राम सहित अन्य ने पुष्पांजलि अर्पित की। आयोजन में सभी उपासक, उपासिकाओं सहित शैलेन्द्र मेश्राम, दिलीप गनवीर, सचिन मेश्राम, सदेश कामडे, आशिक पाटिल, मनीष मेश्राम, सुनील मानकर, वीरेन्द्र बौद्ध, बालचंद धर्डे, नंदकिशोर पाटिल ईश्वरी ताई, वीरेन्द्र बौद्ध एवं समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## धर्मशाला निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक हुई

**भेड़ाघाट।** सरस्वती घाट से गौ वच्छा घाट लिंक रोड पर चिन्हित स्थान पर महर्षि दाधीचि दाहिया कल्याण समिति के सभी सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति में सामाजिक धर्मशाला के निर्माण के लिऐ बैठक आयोजित की गयी जिसमे सदस्यों द्वारा समतलीकरण, बाउंड्री निर्माण, चबूतरा निर्माण, साइन बोर्ड आदि विषयों पर सुझाव प्राप्त हुए। सभी सदस्यों ने सकारात्मक पक्ष को लेते हुए धर्मशाला निर्माण के लिए प्रतिबद्धता दर्शाई एवं अपने अपने स्तर पर सहयोग करने की बात रखी गयी। कार्यक्रम में संरक्षक जीवनलाल दाहिया , दुर्गाप्रसाद दाहिया , सचिव बसोरी लाल , वरिष्ट सदस्य सर्वश्री डा एस, आर, दाहिया जी, जगदीश दाहिया नगर परिषद उपाध्यक्ष , इमरत दाहिया, रामस्वरूप दाहिया, जगदीश दाहिया, लखन लाल दाहिया, संजू दाहिया, बद्री दाहिया, जगदीश दाहिया, हरि दाहिया, संतू दाहिया, सोनू दाहिया, गुलाब दाहिया, बेनी प्रसाद दाहिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कोषाध्यक्ष रज्जनबाबू दाहिया द्वारा किया गया।

## टारगेट टीम की एक नयी पहल

**मझौली।** टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसाइटी मझौली द्वारा गर्मियों में पक्षियों की पानी की व्यवस्था हेतु नगर के अलग-अलग स्थान पर सकोरा बांधकर की जा रही है। इस अभियान की शुरुआत मुड़िया मड़ौद स्कूल से प्रारंभ की गई है। इसमें टारगेट टीम के आशीष तिवारी,दीपक तिवारी,नादिर कुरैशी,रचित रजक,आरफा फिरदौस प्रभारी प्राचार्य मुड़िया मड़ौद शिक्षक चतुर्भुज झारिया,नवल राठौर सहित सभी टारगेट टीम के सदस्यों का योगदान है।




## अनुराग ने हासिल किया जिले में प्रथम स्थान

**सिहोरा।** मिस्पा मिशन सिनियर सेकेंडरी स्कुल के छात्र अनुराग पिता मनीष कुमार माता मनीषा पटेल मोहतरा ने घोषित हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय के साथ परिवार का भी नाम रोशन किया है । किसान के पुत्र अनुराग ने 500 में से 489 अंक हासिल किए हैं उन्होंने गणित में 100, विज्ञान में 100 हिन्दी में 99, संस्कृत में 98 तथा समाजिक विज्ञान में 92 अंक हासिल किए हैं वे भविष्य में सिविल सर्वेंट बनना चाहते हैं तथा इस सफलता का श्रेय परिवार और विद्यालय को देना चाहते हैं। स्कूल में सम्डामान समारोह का आयोजन कर शानदार सफलता हासिल करने के लिए अनुराग सहित दसवीं बारहवीं के अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर आज निकलेगी वाहन रैली



**पनागर।** ब्राह्मण एकता संगठन पनागर के तत्वावधान में भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव के अवसर पर 20 अप्रैल 2026, सोमवार को भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। कार्यक्रम के संबंध में आयोजकों ने बताया कि रैली का शुभारंभ प्रातः 8:30 बजे रेपुरा हनुमान मंदिर (देवरी वनरंग बाड़ा) से होगा, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भ्रमण करेगी और अंत में बह्मनौदा रोड स्थित भगवान परशुराम महादेव मंदिर में समापन होगा।

रैली के उपरांत मंदिर प्रांगण में पूजन, महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने नगर एवं आसपास के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। संरक्षक सुशील तिवारी (इन्दू भैया) ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी के प्रकटोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ब्राह्मण सभा अध्यक्ष डॉक्टर एस के मिश्रा, सचिव अनिल दुबे, युवा अध्यक्ष धर्मेश गुरु उपाध्याय, कोषाध्यक्ष रवि शंकर अवस्थी, सर्वेश मिश्रा, रवि उपाध्याय, अशोक व्यास, आदित्य तिवारी, अरविंद तिवारी, वीरेंद्र तिवारी,अमित परौहा, महेश दुबे, ईलू तिवारी, महेंद्र चौबे, सौरभ मिश्रा, सभी ने नगर एवं ग्रामीण वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## पंचायत सचिव संघ ने मंत्री राकेश सिंह को सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** जय नर्मदे हर पंचायत सचिव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राममिलन यादव के नेतृत्व में अनेक सचिवों ने सिहोरा में रेलवे ओवर ब्रिज के लोकार्पण के अवसर पर पधारे प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायत सचिवों को समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया है, संदर्भित पत्र में समयमान वेतनमान से संबंधित दिया निर्देश पृथक से जारी किये जाने का उल्लेख है किन्तु वर्तमान समय तक दिया निर्देश जारी नहीं किये गये है। अतः आपसे निवेदन है कि संदर्भित पत्रानुसार दिया निर्देश जारी कराने की कृपा करें। एवं पंचायत सचिवों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संविलियन किये जाने की कृपा करें। इसी तरह लोक निर्माण मंत्री को सौंपे गए दुसरे ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के संविदा कर्मियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से आयुष्मान भारत निरागयम्‌ योजनान्तर्गत पूर्व में स्वीकृत पात्र श्रेणियों में सम्मिलित हितग्राहियों के अतिरिक्त सभी आंगनवाडी कार्यकर्ता,आंगनवाडी सहायिका,मिनी आंगनवाडी कार्यकर्ता,पंचायत सचिव,ग्राम रोजगार सहायक,आशा तथा ऊषा कार्यकर्ता,आशा सुपरवाईजर,कोटवार एवं संविदा कर्मियों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ आयुष्मान कार्ड निरागयम्‌ योजना स्वीकृत करने करने सहित अनेक मांगे शामिल थी। इस अवसर पर सचिव प्रहलाद पांडे,प्रमोद पांडे,सबल सिंह बागरी,प्रमोद पटेल,रितेश जैन,गणेश गर्ग,आशीष दुबे,दीपक राय ,जगमोहन पटेल,सुशील पटेल,मनोज पटेल, रामशंकर विश्वकर्मा,प्रदीप यादव,गोकुल यादव पुरुषोत्तम यादव,हनुमान पटेल,जय कुमार कोरी सहित जय नर्मदे हर सचिव संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जनगणना करने वाले प्रगणकों को दिया प्रशिक्षण




**सिहोरा।** भारत की जनगणना 2027 प्रथम चरण के लिए जनगणना कार्य निदेशालय मध्य प्रदेश के दिशा निर्देशों अनुसार प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण नगरीय क्षेत्र सिहोरा नगर पालिका द्वारा चार्ज अधिकारी जनगणना सीएमओ श्रीमती जयश्री चौहान के मार्गदर्शन में फील्ड ट्रेनर संदीप कुमार तिवारी एवं अखिलेश मांझी द्वारा रविवार को प्रथम दिवस सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 11 सिहोरा में सरस्वती पूजन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त प्रगणक एवं सुपरवाइजर उपस्थित हुए चार्ज अधिकारी द्वारा समस्त नागरिकों एवं अधिकारी कर्मचारियों से अपील की गई थी ऑनलाइन के माध्यम से स्व गणना एवं जनगणना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किए जाने का आग्रह किया गया।श्रीमती जयश्री चौहान ने जोर देकर कहा कि जनगणना का कार्य राष्ट्र निर्माण की नींव है, इसलिए प्रत्येक कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और सटीकता के साथ निभानी चाहिए। प्रशिक्षण की कार्य व्यवस्था में सुशील वर्मा, रवि बर्मन, इम्तियाज़ खान, संतोष तिवारी, गगन, पटेल, सुजीत पटेल, राहुल ठाकुर, संदीप, इम्तियाज़ खान, अनंत नामदेव अनिकेत तिवारी, श्रीकांत देवी, अयूब द्वारा नगर पालिका द्वारा की गई कार्य व्यवस्था की सभी ने सराहना कि गई।




**श्री अशोक बराट**- रोड नेपियर टाउन निवासी श्री अशोक बराट (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती द्रौपदी बाई पासी**- तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री राम लाल पासी की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती बाई पासी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री नरेंद्र कुमार मोदी**- गली नंबर 5 सदर निवासी श्री ठाकुर प्रसाद मोदी के पुत्र श्री नरेंद्र कुमार मोदी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कलावती बेन**- गोरखपुर जोगी मोहल्ला निवासी श्री दीपचंद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती बेन (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई**- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दीपचंद की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मीबाई (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मिहिर कुमार मुखर्जी**- पीएंडटी वर्कशॉप टेलीग्राफ गेट नंबर 4 निवासी श्री मिहिर कुमार मुखर्जी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ईश्वरी देवी शिवानी**- सुखसागर कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री वीरेंद्र शिवानी की धर्मपत्नी श्रीमती ईश्वरी देवी शिवानी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्री बसंत मल्लाह**- भटौली गौरीघाट निवासी श्री बसंत मल्लाह (59 ) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती झरना मुखर्जी**- दयानगर गढ़ा रोड निवासी श्री परेश नाथ मुखर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती झरना मुखर्जी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।।

**श्रीमती कुसुम पटेल**- रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री लखन लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम पटेल (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कुशवाहा**- मदनमहल अंडर ब्रिज रोड आमनपुर निवासी श्री राकेश कुशवाहा के पुत्र श्री संजय कुशवाहा (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कीर्ति तिवारी**- अंजनी छाया संजीवनी नगर निवासी श्री अजय तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति तिवारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया ।



### शहर के आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान माढ़ोताल में तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ विधिवत शुभारंभ

# जनगणना 2027 के लिए प्रशिक्षण को लेकर प्रशासन ने दिखाई सख्ती और सक्रियता



**जबलपुर।** भारत की आगामी जनगणना 2027 को त्रुटिहीन और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम जबलपुर ने सख्ती शुरू कर दी है। आज से शहर के आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मढ़ोताल में तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। नगर निगम के 16 संभागों में से महत्वपूर्ण संभागों 06, 11, 12, 13, 14, 16 के 885 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए यह सत्र आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनगणना के दौरान डेटा संकलन पूरी सटीकता के साथ हो।

## अनुशासन पर विशेष जोर

प्रशासन ने इस कार्य की गंभीरता को देखते हुए अनुशासन के कड़े मानक तय किए हैं। प्रशिक्षण के पहले दिन अनुपस्थित रहने वाले 49 कर्मियों को तत्काल 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया है। जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मियों को पूरी गंभीरता के साथ अपनी ड्यूटी निभानी होगी।

## आगामी सत्रों की तैयारी

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में आईटीआई परिसर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की गई हैं। प्रशिक्षण का अगला चरण अन्य संभागों के लिए भी तय कर दिया गया है। संभाग क्र. 01, 02 और 15 का प्रशिक्षण 23 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक होगा, नगर निगम ने इस पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विशेषज्ञों और सहायक कर्मचारियों की एक समर्पित टीम तैनात की है, ताकि जबलपुर शहर जनगणना के मानकों पर खरा उतर सके।

# हिंदू धर्म का आधार स्तंभ है ब्राह्मण समाज



**जबलपुर।** गोसलपुर सर्व ब्राह्मण सभा के नेतृत्व में भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर प्रातःकालीन 9:00 बजे यजुर्वेद के मंत्रों से भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन कर समस्त विप्र बंधु एक साथ श्री राधा कृष्ण कुटी में एकत्रित होने के पश्चात हाथ में फरसा, भगवा ध्वज लेकर हर्ष उल्लास के साथ निकले। कार्यक्रम के अध्यक्ष महेश तिवारी ने बताया प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर, ग्रामीण, शहर एवं अन्य राज्यों से पधारे वैदिक ब्राह्मणों ने मंत्र उच्चारण के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ किया, चल समारोह में गोसलपुर के प्रमुख देव स्थल में पूजन अर्चन करते हुए नगर भ्रमणकर श्री कृष्णा राधा कुटी में शोभायात्रा का समापन किया गया। समापन के पश्चात आए हुए मुख्य अतिथियों का सम्मानपत्र, शाल, श्रीफल के साथ सम्मान किया गया। ब्राह्मण सभा द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया जिसमें कई हजार विप्र बंधुओं ने भगवान परशुराम जी का महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया भगवान परशुराम ने चारों वर्ण की जातियों को इज्जत और सम्मान से जीने का रास्ता दिखाया, सनातन धर्म को व्यवस्थित किया,भगवान परशुराम ने किसी को दास नहीं बनाया, बल्कि सबको अपनी विशिष्टता का अहसास कराया और श्रेष्ठ मानव जीवन का उपदेश दिया।

आगे चलकर इसी मार्ग का अनुसरण कर आंबेडकरजी ने अपने समाज को दासतायुक्त जीवन से मुक्ति का मार्ग दिखाया, आंबेडकर कभी ब्राम्हणों के विरोधी नहीं रहे वे सिर्फ कुरीतियों के विरोधी थे, ठीक उसी प्रकार जैसे भगवान परशुराम क्षत्रियों के विरोधी नहीं, बल्कि उनके अहंकार, दंभ और अत्याचार के विरोधी थे, जिन्होंने उनके सम्मुख शस्त्र उठाया उसे पराजित कर उसका मर्दन किया, जो शरणागत हुआ उसको अभयदान दिए। ब्राम्हण समाज जागृत होकर भगवान परशुराम जी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने में यदि सफल हुआ होता तो आज समाज में ऊंच-नीच जैसा भेदभाव नहीं होता, जातियों का विरोध नहीं होता, बल्कि जातियों का सम्मान होता, क्योंकि जातियां तो भगवान ने श्रेष्ठता बताने के लिए बनाई जो उनके पैतृक गुण की पहचान कराते थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष महेश तिवारी एन,के शुक्ला राम निरंजन दुबे, लक्ष्मण पालीवाल, मोहित तिवारी रमेश चंद्र शुक्ला रमन मिश्रा भुवनेश तिवारी इंद्र कुमार उपाध्याय अर्पित चौबे प्रीति पालीवाल जितेंद्र पांडे एस,के तिवारी मोंटी दुबे रवि तिवारी स्वतांक पालीवाल कुलदीप अवस्थी अतुल अवस्थी दीपक तिवारी, मन्नू तिवारी कपिल गर्ग रमेश व्यास आदि उपस्थित रहे।



## पमरे में एससी/एसटी एसो. व एससी/एसटी वेलफेयर सोसायटी ने मनाई डॉ. आम्बेडकर जयंती

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर में SC/ST एसोसिएशन एवं SC/ST वेलफेयर सोसायटी के द्वारा डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 135वीं जयंती अशोक सदन में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि जबलपुर मंडल के उप मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार एवं SC/ST एसोसियेशन पश्चिम मध्य रेलवे के जोनल अध्यक्ष पुरुषोत्तम आठिया एवं SC/ST एसोसियेशन युवा संरक्षक संजीव रिछारिया, आरके कोरी, सीवी सिंग, अतुल बेन, आनंद भगत, महेंद्र चौधरी, दिलीप झरिया, रविनेश कनोजिया, शुभम जाट, शैलेन्द्र कोरी, ललित झरिया एवं अन्य सभी कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दर्ज की।



## आनंद तिवारी सम्मानित हुए

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश अमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ के कर्मठ एवं जुझारू सदस्य एवं बॉडी बिल्डर (पूर्व मध्यप्रदेश कुमार) आनंद तिवारी का सम्मान मध्यप्रदेश अमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ के अध्य्क्ष सुमित कालिया एवं महासचिव डॉ. राकेश तिवारी द्वारा गोरखपुर रतन कॉलोनी स्थित फ़ीनिक्स पोल्ट्री के ऑफिस में गर्मजोशी के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला संघ के सचिव सचिन यादव एवं नेशनल रेफरी शकील अनवर उपस्थित थे। स्वागत कार्यक्रम के लिए जिला संघ के अध्य्क्ष सौरभ नाटी शर्मा, संरक्षक बी.के. पाठक, अशोक कपूर, अरविंद डहाके, जी.एस .चौहान, डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ प्रशांत मिश्रा, अवधेश यादव, लखन नायक, इंद्रपाल सिंग गोगी, सपन रॉय, अमित सोनकर, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, लारेंस मार्टिन, दीनू स्वामी, रॉक्सन सिंग आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# गेहूं खरीदी केंद्र किसानों की पहुंच और सुविधानुसार स्थापित किये जाएं

### किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पहुंच से दूर गेहूं खरीदी केंद्र किसानों की पहुंच और सुविधानुसार स्थापित किये जाने की मांग है। बताया गया कि हम सभी किसान ग्राम चरगवां क्षेत्र के कटोरी, जमुनिया, नयानगर, सूखा भारत, चीरापोड़ी, नवीन देवरी आदि अन्य ग्रामों एवं आसपास के स्थाई निवासी हैं, हम सभी अपनी उपज गेहूं का शासन को समर्थन मूल्य पर विक्रय करना चाहते हैं परंतु हमें अपनी उपज गेहूं का विक्रय करने में अनेक परेशानियां हो रही हैं जिनमें रवि उपार्जन 2026-27 में जो उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं वह चरगवां वृत्त के आसपास के तक नहीं है। हम सभी किसानों को अपनी उपज अपने ग्रामों से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर ले जाना पड़ेगा जिससे हम पर परिवहन का अतिरिक्त खर्च बैठेगा। उपार्जन केंद्र पर उपज ले जाने के बाद तुरंत विक्रय होना असंभव प्रतीत होता है हमारी उपज के विक्रय होने में दो से तीन दिनों का समय खराब हो सकता है।

उपार्जन केंद्र दूरी होने पर उपार्जन समिति से संपर्क साधने में भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त भी और भी अनेक परेशानियों का सामना हम सभी किसानों को करना पड़ सकता है। हमारा निवेदन है कि हमारे ग्राम चरगवां से दो किलोमीटर की दूरी पर राधा वेयरहाउस जिसकी वर्तमान में रिक्त क्षमता 3500 MT है गोदाम स्थित है जिसमें विगत तीन से चार वर्षों से निरंतर निर्विरोध बिना परेशानी के गेहूं विक्रय करते आ रहे हैं और अपनी उपज गेहूं को विक्रय करने के बाद हमें राशि भी तुरंत प्राप्त हो जाती है और किसी तरह का कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

अतः निवेदन है कि हम सभी किसानों की परेशानी को समझते हुए गेहूं उपार्जन केंद्र हमारी पहुंच में तत्काल प्रभाव से स्थापित करने की कृपा करें जिससे हमें अपनी उपज बेचने में किसी तरह की कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े। यदि किसी कारणवश गेहूं उपार्जन केंद्र हमारी पहुंच से पास स्थापित नहीं किया जाता है तो हम सभी क्षेत्रीय किसान उग्र आंदोलन करेंगे और जबलपुर से चरगवां मार्ग में चकाजाम कर धरना प्रदर्शन करने को विवश होंगे जिसकी समस्त प्रकार की जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। हम सभी किसानों के हितों को देखते हुए उपार्जन केंद्र हमारी पहुंच में स्थापित करने की मांग प्रदीप पटेल, खुभानसिंह, चरन सिंह, सुनपारा सहित समस्त क्षेत्रीय किसानों ने की है।



## आलोक पाठक की कृति 'रामहि केवल प्रेम पियारा' का लोकार्पण सम्पन्न

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन द्वारा मां नर्मदा के पावन स्थल में आयोजित राम कथा के विश्राम दिवस पर 'रामहि केवल प्रेम पियारा' आलोक पाठक की कृति का विमोचन तुलसी पीठाधीश्वर पूज्यपाद जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज ने किया। महाराज जी ने कृति को माथे से लगाते हुए कहा कि राम की लीला अपरंपार है।इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की त्रैमासिक पत्रिका 'सनाढ्य संगम' राजेश पाठक प्रवीण ने पूज्य महाराजश्री को अर्पित की। रामकथा में युवराज रामचंद्र दास, जगतगुरु राघव देवाचार्य महाराज, जगतगुरु डॉ. नृसिंहदेवाचार्य महाराज, स्वामी गिरीशानंद महाराज मंचासीन थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र जामदार, सचिव अखिल मिश्रा, समरसता सेवा संगठन के संस्थापक संदीप जैन, विलोक पाठक, पवन पांडे, मनोज सेठ विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालन डॉ. बृजेश दीक्षित ने किया।



## समाजवादी विचार मंच, सामाजिक न्याय एवं समानता के लिए प्रतिबद्ध

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर माल्यार्पण एवं संकल्प कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर तहसील चौक, जबलपुर स्थित उनकी प्रतिमा पर समाजवादी विचार मंच द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने बाबा साहब के बताए मार्ग- शिक्षा, समानता एवं सामाजिक न्याय पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और उनके आदर्शों को अपनाकर ही एक समतामूलक समाज की स्थापना संभव है।इस अवसर पर मंच के संयोजक रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, एडवोकेट सुधीर शर्मा, शैलेश लोधी, इंद्र कुमार कुलस्ते, जितेंद्र यादव, अशोक यादव, उदयभान कुशवाहा ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में बाबा साहब का प्रेरणादायक संदेश साझा किया गया "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो।"

## कोकिला रिजॉर्ट के मालिक अनिल पचौरी की गिरफ्तारी को लेकर झारिया समाज ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** झारिया समाज की महिला श्रीमती स्वरूपा झारिया पत्नी दीपक झारिया निवासी क्रेशर बस्ती तिलवारा रोड का कोकिला रिजॉर्ट के मालिक अनिल पचौरी द्वारा अपहरण कर साजिशन ट्रक से हत्या कराई जाने की गंभीर जांच एवं गिरफ्तारी के संबंध में झारिया समाज ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि दिनांक 15 अप्रैल 2026 के दैनिक भास्कर जबलपुर समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया में प्रकाशित, प्रसारित समाचार का अवलोकन करने का कष्ट करें। 13 अप्रैल 2026 की रात्रि लगभग 10 बजे कोकिला रिसोर्ट के मालिक अनिल पचौरी ने अपनी पूर्व कर्मचारी स्वर्गीय श्रीमती स्वरूपा झारिया को जबरदस्ती घर से उठाकर ले गया तथा लम्हेटा बाईपास पर एक ट्रक से साजिशन हत्या कराई है, ऐसा परिजनों का आरोप तत्संबंधी शिकायत तिलवारा थाने में मामला क्र. 21/26 दर्ज की गई है। इस पर कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। मामला अनुसूचित जाति की महिला का है अतः अनुरोध है कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी अनिल पचौरी तथा ट्रक चालक के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार करने की कृपा करें। मथुरा प्रसाद झारिया, महासचिव भीकम झारिया, संतोष झारिया, कार्यवाहक अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी, राजेंद्र मेहरा, मीडिया प्रभारी हरि मेहरा, राधे झारिया, अजय झारिया सहित आदि उपस्थित थे।

### कन्हैया रामकृष्ण तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल ने लगाया आरोप

# जबलपुर संस्कारधानी को मांस-मटन, चिकन नगरी बनाने पर आक्रोश

### झटका और हलाल मार्का का मांस-मटन-चिकन अनिवार्य हो



**जबलपुर।** जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा जबलपुर कलेक्टर एवं जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर परिसर में जॉइंट कलेक्टर ऋषभ जैन को सौंपा गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया तिवारी ने अपनी मांगें रखते हुए कहा कि-[1] मां नर्मदा की नगरी जबलपुर संस्कारधानी में अनियंत्रित मांस मटन मीट मछली की खुलेआम बिक्री पर रोक लगाई जाए।[2] मांस मटन मीट मछली के साथ साथ मदिरा से बिगड़ता सामाजिक परिवेश एवं बढ़ती आपराधिक घटनाएं इसका जीता जागता उदाहरण है।[3] खाद्य विभाग द्वारा मांस मटन, मछली के हलाल/झटका जांच में लापरवाही बरती जा रही है और इसके प्रमाणन की अनिवार्यता को लागू किया जाए।

[4] नगर निगम एवं केंट बोर्ड में मांस मटन मीट मछली की बिक्री पर नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए।

[5] शासकीय संस्थानों एवं पर्यटन विभाग की होटलों में हलाल मांस, मटन चिकन की बिक्री पर रोक लगाई जाए।[6] खुले में पड़े मांस मटन से आवारा कुत्तों का मांसाहारी और आदमखोर होने से कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ रही हैं।ज्वाइंट कलेक्टर रिषभ जैन ने आश्वासन दिया कि वे इस बात को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही करने संबंधित विभाग को भेज देंगे। आज ज्ञापन सौंपने वालों में कन्हैया तिवारी, नीलू सोनकर, संजय ढींगरा, अमरनाथ सोनकर, रोशन गौतेल, सुमित यादव, आशीष विश्वकर्मा, सोनू सतनामी, दीपक सिंह ठाकुर, ब्रह्मानंद दुबे, मीनू पिल्लई, सुजीत सिंह ठाकुर, अभिलाष पराग, ध्रुव विश्वकर्मा, हिमांशु त्रिपाठी, एड. वरुण सिंह, एड. संतोष विश्वकर्मा, मोहित संघी, विकास भरद्वाज, सचिन मिश्रा, एड. धर्मेंद्र विश्वकर्मा, जयराज पिल्ले सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## हेरिटेज फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग एवं रानी दुर्गावती संग्रहालय के तत्वावधान में के.एल. डाभी तथा दीपक खांडेकर (आईएएस), राज्य संयोजक, इंटैक मध्य प्रदेश चैप्टर के मार्गदर्शन में, डॉ. संजय मेहरोत्रा, संयोजक इंटैक जबलपुर एवं सह संयोजक इंटैक मध्य प्रदेश तथा ब्रिगेडियर विपिन त्रिवेदी एवं सुरभि त्रिवेदी की उपस्थिति में इंटैक जबलपुर चैप्टर द्वारा आयोजित हेरिटेज फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम का उद्घाटन माँ सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ विधिवत सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर इंटैक जबलपुर चैप्टर के लाइफ मेंबर्स एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. यतीश जैन, डॉ. बसंत मिश्रा, डॉ. मुक्ति मिश्रा (विभागाध्यक्ष, प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय), संजय जैन पाली, एडवोकेट अक्षत जैन कोचल, कोविद वर्मा, प्रसिद्ध फोटोग्राफर मुकुल यादव, अनुष्का मेहरोत्रा, सह संयोजक इंटैक जबलपुर रितिका तिवारी, रुमा दास गुप्ता, डॉ. प्रतिभा भटनागर, इंजीनियर राकेश राठौड़ सहित अनेक सम्माननीय अतिथि उपस्थित रहे, सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया, कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

## कचहरी वाले बाबा दरगाह में हुई परचम कुशाई, उर्स की तैयारियां शुरू

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा रहमतुल्ला अलैह के आस्ताने पर रविवार को मगरिब की नमाज़ के बाद परचम कुशाई का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंद मौजूद रहे।कार्यक्रम की सरपरस्ती हज़रत वकील अहमद खलीली, शफीपुर शरीफ ने की। इस दौरान मजार शरीफ पर गुलपोशी और चादरपोशी की गई, जिसके बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की गई।रस्म के उपरांत नज़र-ओ-नियाज़ पेश की गई और तबर्रुक तकसीम किया गया। आयोजन में इफ्तिखार अली, अब्दुल कदीर, अब्दुल हकीम बाबा, नईम, राजेन्द्र पटेल, नरेश मलिक, प्रतीक तिवारी, मनीष अग्रवाल, सरदार टीटू जग्गी, विक्की भाई सहित विभिन्न समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कौमी एकता व भाईचारे का संदेश दिया।परचम कुशाई के साथ ही कचहरी वाले बाबा के उर्स शरीफ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी 8 या 9 मई से बाबा साहब का पांच दिवसीय उर्स शरीफ आयोजित किया जाएगा।

